तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

आऊट सोर्सिंग कंपनियों में रोजगार की मांग को लेकर किसान सभा ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन





खबर संक्षेप

प्रयास आवासीय विद्यालयों में चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी

कोरबा। प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चौथी ओपन काउंसलिंग के बाद चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी गई है। चयनित विद्यार्थियों को 30 अक्टूबर तक संबंधित प्रयास आवासीय विद्यालय में अनिवार्य रूप से प्रवेश लेना होगा। चयनित विद्यार्थियों की सूची विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवेश के लिए कक्षा आठवीं की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र तथा लागू होने की स्थिति में नक्सल पीड़ित परिवार एवं विशेष पिछड़ी जनजाति से संबंधित प्रमाण पत्र, अल्पसंख्यक वर्ग के अंतर्गत पात्रता से संबंधित (10 रुपए के नॉन ज्यूडिशियल स्टसम्प पेपर पर) निर्धारित नोटरी प्रमाण पत्र भी आवश्यक होगा, प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त, संबंधित पात्रता के अनुसार आवश्यक प्रमाण पत्र भी जमा करने होंगे।

खराब चावल का वितरण, डीएम नॉन व क्वालिटी इंस्पेक्टर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली ब्लाक अंतर्गत खराब चावल वितरण किए जाने का मामला सामने आने के बाद डीएम नॉन के साथ क्षेत्र के क्वालिटी इंस्पेक्टर को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इसके साथ ही पीडीएस दुकानदारों को खराब चावल वितरण नहीं करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

नॉन के गोदाम से चावल वितरण के पूर्व क्वालिटी इंस्पेक्टर के द्वारा जांच रिपोर्ट दिए जाने के बाद ट्रांसपोर्टर पीडीएस दुकानों में चावल की सप्लाई करते हैं। इसके बावजूद खराब चावल का पहुंचना कहीं न कहीं नॉन की लापरवाही को दर्शाता है। पाली ब्लाक के कुछ पीडीएस दुकानों से खराब चावल वितरण की शिकायत कलेक्टर तक पहुंची थी। लिखित रूप से पहुंची शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने खाद्य अधिकारी को इस बात के निर्देश दिए कि कितनी दुकानों में खराब चावल का वितरण हुआ है और कार्रवाई करने को कहा था। कलेक्टर के निर्देश के बाद जिला खाद्य अधिकारी घनश्याम कंवर ने डीएम नॉन और क्वालिटी इंस्पेक्टर को नोटिस जारी कर इस पूरे मामले में जवाब मांगा है। नोटिस का ⏭ शेष पेज 3 पर

खाद्य अधिकारी ने मांगा जवाब

खास बातें

- किसी भी दुकान से नहीं होगा वितरण
- दुकानदारों की बैठक लेकर विभाग ने वितरण रोकने के दिए निर्देश



नहीं होगा खराब चावल का वितरण

किसी भी पीडीएस दुकान से खराब चावल के वितरण नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। अगर कहीं खराब चावल पहुंचता है तो उसे बदला जाएगा। खराब चावल के वितरण किए जाने के मामले में डीएम नॉन और क्वालिटी इंस्पेक्टर को नोटिस जारी की गई है।

-घनश्याम कंवर, जिला खाद्य अधिकारी

जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने भी की थी शिकायत

जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश निकिता जायसवाल ने पाली ब्लाक के कुछ पीडीएस दुकानों में खराब चावल का वितरण किए जाने की शिकायत कलेक्टर से की थी। जिसमें उन्होंने दूरस्थ ग्रामीण अंचलों का हवाला देकर इस मामले में दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। ज्ञात हो कि पाली और पोड़ी उपरोड़ा जैसे बड़े विकास खंड के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकानों में इस तरह की समस्या आम हो गई है।

अब ओटीपी के आधार पर किसान नहीं बेच सकेंगे धान

धान बेचने वाले किसानों के फिंगर प्रिंट का होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

15 नवंबर से शुरु होने वाली धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने के लिए शासन पूरी तैयारी में जुट गया है। अब किसान मोबाइल में आने वाले ओटीपी के आधार पर ही अपना धान नहीं बेच सकेंगे इसके लिए उन्हें अपने फिंगरप्रिंट का सत्यापन कराना होगा। इतना ही नहीं किसान के नॉमिनी के भी फिंगरप्रिंट की जांच पड़ताल की जाएगी।

खास बात

- धान खरीदी में गड़बड़ी रोकने इस वर्ष से नया नियम


फाइल फोटो

धान खरीदी प्रक्रिया में बीते वर्ष से राज्य सरकार नए नियम बदल रही है। इन नियमों को लाने का उद्देश्य धान खरीदी में होने वाली गड़बड़ी और फर्जीवाड़े को रोकना है। बीते वर्ष खरीदी के दौरान मोबाइल में आने वाले ओटीपी के आधार पर ही किसान धान बेच लेते थे जिससे पूरी तरह खरीदी में पारदर्शिता नहीं हो पाती थी। मोबाइल ओटीपी के आड़ में किसान किसी का भी धान बेच लिया करते थे। इस वर्ष से नए नियम के लाने के बाद जिन किसानों ने एग्रीटेक पोर्टल में अपने फिंगरप्रिंट के साथ रजिस्ट्रेशन कराया है। धान बेचने के दौरान समिति में उस किसान के फिंगरप्रिंट का पोर्टल के फिंगरप्रिंट से सत्यापन किया जाएगा। इस नियम के अलावा जिन किसानों का एग्रीटेक पोर्टल मे पंजीयन हुआ है वही किसान धान बेच सकेंगे। जिले की सभी समितियों में पंजीयन काम अगस्त महीने से लगातार चल रहा है। शासन ने इसे सतत प्रक्रिया मानते हुए खरीदी शुरु होने के बाद भी पंजीयन कराने की सुविधा दी है।

टोकन की व्यवस्था में भी हुआ बदलाव

धान बेचने वाले किसान मोबाइल ऐप से ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर लेते हैं और जितने क्विंटल का टोकन मिलता है उतने क्विंटल का धान खरीदने की मजबूरी सोसायटी की हो जाती है। इस वर्ष टोकन की इस व्यवस्था पर भी बदलाव किया गया है। अब किसान ऑनलाइन टोकन में कितनी भी मात्रा का टोकन कटवाएगा उतने क्विंटल धान की खरीदी एक बार में ना होकर 2 बार में होगी। इससे अन्य किसानों को भी धान बेचने का शीघ्र अवसर मिल सकेगा।

गड़बड़ी रोकने नए नियम

धान खरीदी के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए शासन पूरी तरह कड़ाई बरतने जा रही है। अब किसान के फिंगरप्रिंट का सत्यापन कराना अनिवार्य किया गया है। नॉमिनी का भी सत्यापन कराना होगा।

-घनश्याम कंवर, नोडल अधिकारी, धान खरीदी

नाबालिग के साथ दुष्कर्म, दो आरोपियों को 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक सोधनराम देवांगन ने जानकारी देते हुए बताया कि पाली क्षेत्र में निवासरत राजवीर यादव पिता रामवीर यादव उम्र 19 वर्ष, सचिन दास पिता राजेश यादव उम्र 23 वर्ष द्वारा वर्ष 2013 में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। मामले में युवती के परिजनों ने शिकायत पाली थाना में दर्ज करायी थी जहां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 376 (डी), 354/34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था और मामले में न्यायालय में पेश किया था जहां दोनों आरोपियों के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय श्रीमती श्रद्धा शुक्ला शर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायालय, एफटीएससी (पाक्सो) कटघोरा के द्वारा 20 वर्ष सश्रम करावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक कटघोरा शोधन राम देवांगन ने पैरवी की है।

बाइक से गिरकर किशोरी की मौत

कोरबा। लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोकरमना निवासी संतोषी मंझवार पिता इंजोर साय मंझवार अपने परिचितों के साथ मोटर साइकिल में सवार होकर पास के गांव में कर्मा देखने गये थे जहां रात को वापस लौटते समय ग्राम डोकरमना के पास ही उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई और संतोषी गंभीर रुप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



खबर संक्षेप

दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, 15 घायल

बिलासपुर। कोटा घोंघाडीह में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों से करीब 15 लोग घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोटा पुलिस के अनुसार, घोंघाडीह निवासी प्रकाश बंजारे पिता उमेंदलाल बंजारे ने रिपोर्ट लिखाई। 25 अक्टूबर को उनके घर में उनकी सगाई का कार्यक्रम था, जिसमें वर्तमान सरपंच पति रामनारायण खाण्डे के परिवार को व उप सरपंच के पति पुनीतराम बघेल, तुलसी बघेल, अघनू बघेल लोग सभी एवं गांव के लोग आए थे। तुलसी बघेल व उनके साथी हमको व रामनारायण खाण्डे के साथ क्यों निमंत्रण दिए हो कहकर विवाद करने लगे। उन्होंने विवाद करने से मना किया तो ईश्वर बघेल व उनके साथी अपने परिवार के भाई लोगों को बुलाकर जान से मारने की धमकी देकर लाठी डण्डा से मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने समीर अरूण बंजारे, दिनेश बंजारे, हुसैन, रामनारायण खाण्डे आए तो लाठी डण्डा से जमकर मारपीट कर दरवाजा को तोड़ दिया गया है। जिससे उनके परिवार के 7 लोगों को गंभीर चोट आई है। दूसरी पक्ष से देवा बघेल ने दूसरे पक्ष पर लाठी डण्डा से मारपीट करने का आरोप लगाया है। जिससे उनके परिवार के 8 लोगों को चोट आई है। दोनों पक्षों के घायल 15 लोगों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर दोनों पक्ष के हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 191, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

फर्जी बैंक खातों से ठगी करने वाला गिरफ्तार

बिलासपुर। फर्जी बैंक खातों से आनलाइन ठगी करने वाले जालसाज



को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, साहू बिल्डिंग सप्लायर के नाम से संचालित फर्जी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एसबीआई बैंक के खातों का प्रयोग अवैध और ठगी की गई रकम को इधर उधर करने के लिए किया जा रहा था। पुलिस ने मामले में धारा 61, 2, 317, 5, 318, 4, 323, 3, 5 एवं 66 डी के अपराध कायम किया था। पुलिस ने बैंक खाताधारक कोनी गतौरी निवासी नारायण साहू पिता तुलाराम साहू 33 साल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, फिर उसे रिमांड में लेकर अन्य आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रलोभन आपराधिक षड़यंत्र रचकर पीड़ितों के बैंक खातों से बिना उनकी सहमति के राशि आहरण किया जा रहा था।

रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी से ठगी

बिलासपुर। सोशल मीडिया में सस्ते में ड्राइफ्रूट बेचने के झांसा देकर रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी से 1 लाख रुपए की आनलाइन ठगी कर लिया गया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार राजकिशोरनगर निवासी रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी इतवारी लाल चंद्रा की पत्नी 6 अक्टूबर की रात 8 बजे फेसबुक चला रही थी। उसमें ड्राइफ्रूट का एक विज्ञापन दिखाई दिया। जिसमें कीमत काफी कम था। उन्होंने विज्ञापन में दिए मोबाइल नम्बर पर संपर्क किया। उन्हें क्यूआर कोड भेजकर 2400 रुपए पेटीएम से ट्रांसफर करने को कहा गया। उन्होंने रकम भेज दी। 8 अक्टूबर को अज्ञात मोबाइल नम्बर से फोनकर कहा कि ऑनलाइन हड़ताल चल रही है इसलिए रकम वापस करने के लिए कुछ प्रक्रिया पुरी करनी होगी। उसने एक कोड भेजा और उसमें 2400 रुपए दर्ज करने को कहा। इस पर उनके बैंक खाते से 22 हजार 400 रुपए कटने का मैसेज आया। अलग अलग किश्तों में उनसे 99 हजार 600 रुपए की ठगी कर लिया गया। पुलिस ने श्री चंद्रा की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

जनहित याचिका पर हाईकोर्ट का सख्त रूख | **सीएसपीडीसीएल के एमडी ने हाईकोर्ट में पेश किया जवाब**

3 नए सब-स्टेशन और 2 नए सप्लाई जोन से सुधरेगी शहर की बिजली व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मानसून के दौरान खराब बिजली व्यवस्था और जलभराव को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है।

जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने बिजली कंपनी सीएसपीडीसीएल के एमडी और नगर निगम कमिश्नर से व्यक्तिगत शपथ-पत्र मांगा था। निगम ने इसमें जवाब पेश कर दिया है जिसमें सड़कों की मरम्मत के साथ ही जलभराव वाले क्षेत्रों में नाली का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही बिजली विभाग की ओर से कहा गया कि 3 नए सब-स्टेशन और 2 नए सप्लाई जोन का प्रस्ताव है। बार-बार होने वाली ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या दूर करने के लिए बिलासपुर में मंगला जोन और कोनी जोन नाम से दो नए बिजली सप्लाई जोन बनाने का प्रस्ताव तैयार कर रायपुर मुख्यालय भेजा गया है। लोखंडी गांव में एक एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सब-स्टेशन के लिए तहसीलदार सकरी ने 21 जुलाई को जमीन आवंटन की सार्वजनिक सूचना जारी की है। इसके अलावा पुराने बस स्टैंड के जवाली नाला और मंगला रिवर व्यू क्षेत्र में 33/11 केवी के दो नए सब-स्टेशन बनाने के लिए 10 जुलाई को कलेक्टर से जमीन आवंटन का अनुरोध किया गया है।



कोर्ट ने दोनों अधिकारियों से पूछा है कि पिछले आदेशों के बाद अब तक क्या काम हुआ है और बाकी काम कब तक पूरा होगा। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा। अधिकारियों को पेंडिंग कामों की स्पष्ट समय-सीमा और उनकी निगरानी करने वाले अधिकारियों के नाम भी बताने होंगे। जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान बिजली कंपनी ने कोर्ट को बताया कि शहर में पुराने और खराब सीमेंट के पोल हटाकर उनकी जगह लोहे के पोल लगाए जा रहे हैं। आंधी-तूफान के दौरान खतरा पैदा करने वाले विज्ञापन और होर्डिंग्स की पहचान कर उनकी सूची नगर निगम को भेजी गई है। कंपनी ने बताया कि लोखंडी में एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज सब-स्टेशन बनाने के लिए ग्राम पंचायत से जमीन का प्रस्ताव मिल गया है।

कब तक बदले जाएंगे खंभे

हाईकोर्ट ने बिजली कंपनी से पूछा कि बचे हुए बिजली के खंभे कब तक बदले जाएंगे और नए सब-स्टेशन कब शुरू होंगे। कोर्ट ने सरकार से मिले फंड के इस्तेमाल का पूरा हिसाब भी मांगा है। वहीं, नगर निगम कमिश्नर ने शपथ-पत्र में बताया कि नेहरू चौक स्थित विकास भवन में बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे काम कर रहा है। 17 जुलाई को एक दिन में करीब 400 मिमी बारिश हुई थी। इसके बाद बिलासपुर को केंद्र सरकार के राष्ट्रीय शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन कार्यक्रम में शामिल कराने का प्रस्ताव भेजा गया है।हाईकोर्ट ने नगर निगम से बाढ़ नियंत्रण कक्ष में दर्ज शिकायतों, उनके समाधान और एनडीएमए को भेजे गए प्रस्ताव की मौजूदा स्थिति की पूरी जानकारी देने को कहा है। निगम की ओर से एडवोकेट अनादि शर्मा ने पैरवी की।

पेड़ों के ठूंठ अभी भी मौके पर पड़े हुए हैं

शापिंग काम्प्लेक्स बनाने रातों-रात काट दिए गए नीलगिरी के 10 पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर पुल के नीचे दाईं तरफ एक बड़ा काम्प्लेक्स बन रहा है। इसके साथ ही यहां कुछ खाली जमीन भी है जो कि सरकारी है। इसमें नीलगिरी के बड़े पेड़ लगे हुए थे। काम्प्लेक्स बना रहे पेण्ड्रा के एक व्यापारी ने बिना अनुमति इन पेड़ों को काट दिया है। इन पेड़ों के ठूंठ अभी भी मौके पर पड़े हुए हैं। यह भी जानकारी मिल रही है कि जो काम्प्लेक्स बन रहा है वह नक्शे के विपरीत है।

मंगला चौक से उसलापुर रेलवे स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक परिसर (कॉम्प्लेक्स) का निर्माण किया जा रहा है। विकास और निर्माण की आड़ में वहां लगे कई हरे-भरे नीलगिरी के पेड़ों को काट दिया गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, इन पेड़ों की कटाई से पहले नगर निगम, राजस्व विभाग और वन विभाग से कोई आधिकारिक अनुमति या सूचना नहीं ली गई थी, जो कि नियमों का सीधा उल्लंघन है। पेड़ों का काटने से पहले किसी की नजर ना लगे इसलिए पूरे क्षेत्र को ग्रीन नेट से ठंक दिया। देर रात जब कटाई होने लगी तो आसपास के लोगों को इसकी जानकारी मिली। कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों को भेजा है।



उसलापुर ओवरब्रिज के नीचे बिना अनुमति के काटे गए नीलगिरी के पेड़ ।



पेड़ों को काटने से पहले यह है नियम

नियमों के मुताबिक यदि नीलगिरी का पेड़ राजस्व भूमि पर लगा है, तो उसे काटने से पहले एसडीएम से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के कटाई करने पर लकड़ी जब्त करने और कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसके साथ ही साल 2004 के नियमों के अनुसार 10 साल से ज्यादा पुराने नीलगिरी के पेड़ को दूसरी श्रेणी में शामिल किया गया था, लेकिन छत्तीसगढ़ में निजी या अन्य जमीनों पर पेड़ों की कटाई और परिवहन को लेकर स्थानीय प्रशासन व वन विभाग के अलग-अलग दिशा-निर्देश लागू होते हैं।

सोशल मीडिया पर भी तीखी प्रतिक्रिया

इधर जानकारों का कहना है कि एक तरफ शासन-प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ शहर के बीचों-बीच इस तरह अवैध रूप से पेड़ काटने पर स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन की निगरानी पर सवाल उठाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस कार्रवाई को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देखी गई है।

जांच कराई जाएगी

इसकी शिकायत मिली है। अधिकारियों को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी। वन विभाग से भी जानकारी ली जा रही है।

- संजय अग्रवाल, कलेक्टर

खसरा नंबर 1552 का सीमांकन आज से

हाईकोर्ट ने तीन महीने में रिपोर्ट पेश करने कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महावीर नगर से उसलापुर फ्लाई ओवर ब्रिज तक बाई पास रोड बना है। निगम को बंदोबस्त में मिली खसरा नंबर 1552 की इस जमीन का तीसरी बार सीमांकन कराया 27 अक्टूबर से कराया जाएगा। राजस्व और नगर निगम की 10 सदस्यीय टीम इसके लिए बनाई गई है। स्थानीय निवासी नमिता ऋषि की याचिका पर हाईकोर्ट ने यह आदेश दिया है। कोर्ट ने तीन महीने में पूरी जमीन की नापजोख करते हुए हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश करने कहा है। कोर्ट ने आसपास के जितने भी लोग इस खसरा नंबर के करीब हैं सभी को नोटिस जारी करते हुए मौके पर दस्तावेजों सहित उपलब्ध होने कहा है। इसके लिए कुल 96 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं।

- 96 लोगों को नोटिस, कई कब्जाधारियों को छोड़ दिया गया
- जस्व और नगर निगम की 10 सदस्यीय टीम बनाई गई

हाईकोर्ट ने निगम के व्यवस्थाधीन खसरा नंबर 1552 की जमीन पर बेजा कब्जा हटाने के साथ ही फिर से सीमांकन कराने के आदेश दिया है। दरअसल मिनोचा कालोनी निवासी नमिता ऋषि की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसमें कहा गया कि उन्होंने रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदी गई जमीन पर मकान और बाउंड्रीवाल बनाई है। निगम ने इसे अपनी जमीन बताया और गलत सीमांकन के आधार पर बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया। साथ ही दूसरी तोड़फोड़ की गई। ध्यान रहे कि पूर्व में इसी हिस्से में सीमांकन के दौरान 36 लोगों को नोटिस जारी किए गए थे। इस बार उनमें से केवल नमिता ऋषि और पेट्रोल पंप को नोटिस मिला है।

पूरा कब्जा नहीं हटा इसलिए सड़क टेढ़ी-मेढ़ी

गौरतलब है कि पिछली सीमांकन की रिपोर्ट में 25 लोगों का कब्जा पाया गया था। इसमें खसरा नंबर 1552 की भूमि पर 900 मीटर लंबी, 75 फुट चौड़ी सड़क बनाई गई है। इसके मार्ग में पाटीदार भवन की बाउंड्री आई थी जिसे हटाया गया। इसके साथ ही इंडियन आयल का पेट्रोल पंप भी शामिल है। बेजाकब्जाधारियों ने बाउंड्री, उद्यान तथा कमरे आदि का निर्माण कर लिया था। इसके साथ ही कुछ दूसरे लोगों के कब्जे हटाते हुए 12 करोड़ में यह सड़क बनाई गई थी। बता दें कि पिछली बार सुनवाई के दौरान नगर निगम ने हाई कोर्ट में शपथ पत्र देकर संबंधित हिस्से में 7.5 मीटर तक कब्जा हटाने की बात कही थी। इसके बावजूद पूरा कब्जा नहीं हटने का आरोप है। सड़क की चौड़ाई घटने के कारण नाली की दिशा भी कई जगह मोड़नी पड़ी है।

नोटिस जारी करने की प्रक्रिया पर ही सवाल

राजस्व विभाग का कहना है कि जिन लोगों का नाम छूट गया है उसे भी नोटिस दिया जाना है। दरअसल नोटिस जारी करने की प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं। नोटिस कुदुदंड से मिनोचा कॉलोनी स्थित पेट्रोल पंप तक रहने वालों को दिए गए हैं, जबकि सड़क की चौड़ाई कम होने और अतिक्रमण नहीं हटने का विवाद महावीर नगर से उसलापुर आरओबी तक है। तहसीलदार आकाश गुप्ता का कहना है कि अभी कुदुदंड से मिनोचा कॉलोनी पेट्रोल पंप तक ही नोटिस जारी किए गए हैं।

कराया जाएगा सीमांकन

खसरा नंबर 1552 की जमीन का हाईकोर्ट के आदेश पर फिर से सीमांकन कराया जाएगा। राजस्व और नगर निगम की 10 सदस्यीय टीम इसके लिए बनाई गई है। आसपास के जितने भी लोग इस खसरा नंबर के करीब हैं सभी को नोटिस जारी करते हुए मौके पर दस्तावेजों सहित उपलब्ध होने कहा गया है।

- प्रकाश कुमार सर्वे, आयुक्त, नमि

तारबाहर, सरकण्डा, कोनी में तीन लोगों पर चाकू से हमला

बिलासपुर। अलग अलग घटनाओं में तारबाहर, सरकण्डा, कोनी में तीन लोगों से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, बंगलायार्ड 12 खोली निवासी अमन शर्मा पिता संजय कुमार शर्मा कक्षा नवमीं की पढ़ाई कर रहा है। 25 अक्टूबर की शाम 5.45 बजे वह स्कूटी से घर से टिकरापारा जाने के लिए निकला था। बंगलायार्ड के पीछे वरूण और समीर अली उसे मिले और अपनी बाइक उसकी स्कूटी के सामने खड़े कर दिया। दोनों उससे गांजा पीने के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर समीर अली ने बेल्ट से मारपीट की। इसी दौरान वरूण ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे दोनों हाथ व पीठ में चोट आई है। दूसरी घटना में सरकण्डा क्षेत्र के चिगराजपारा निवासी भीमराज बघेल पिता राजू बघेल 25 अक्टूबर की शाम 4 बजे अपने दोस्तों के साथ नदी से लौट रहे थे। वह अपने तीनों साथियों से पीछे हो गया था। इसी दौरान अज्ञात चार युवक आए और उससे शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। मना करने पर गाली गलौज हाथ मुक्का से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। तीसरी घटना में कोनी क्षेत्र के देवनगर निवासी पवन कुमार बंजारे पिता धीरपाल बंजारे 25 अक्टूबर को रात 8.30 बजे दुकान से घर जा रहा था। इसी दौरान पड़ोसी गुड्डा मिला, जिसे उसने गाड़ी को साइड में खड़ा करने को कहा। जिससे गुड्डा उसके साथ गाली गलौज करने लगा। इसी दौरान गुड्डा का लड़का रकम आया और उस पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे बाएं हाथ की कलाई में चोट आई है। पुलिस ने तीनों मामलों में अपराध कायम कर लिया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

- दो की हालत गंभीर

करंट की चपेट में आने से एक की मौत

बिलासपुर। सकरी तालाब के पास बिजली के नीचे लटकते तार की चपेट में आने से एक



व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं घटना में दो अन्य लोग भी झुलस गए, जिन्हें हास्पिटल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार सकरी निवासी 48 वर्षीय देवी प्रसाद यादव सोमवार की सुबह 9.30 बजे प्रतिदिन की तरह मवेशी लेकर जा रहे थे। तालाब के पास कथित तौर पर बिजली का तार जमीन से करीब चार फीट की ऊंचाई पर लटक रहा था, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बिजली का तार काफी नीचे लटका रहता था, जिससे यह हादसा हुआ है। लोगों ने बिजली विभाग के कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई करने मांग की है। हादसे में वास्तविक कारणों और बिजली विभाग की जिम्मेदारी को लेकर अधिकारिक जांच अब क नहीं हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद सकरी पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दिया है। एक व्यक्ति की मौत के साथ ही दो व्यक्तियों के भी गंभीर रूप से झुलसने की सूचना है।

45 लाख की ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। शासकीय जमीन को अपनी बताकर बेचने का सौदा करने और 45 लाख रुपए की ठगी करने वाले बुजुर्ग सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सरकण्डा विजयापुरम निवासी दीपक सोनी पिता बृजभान सोनी 46 साल वर्ष 2020 में खरीदने के लिए जमीन की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान उनकी पहचान तालापारा निवासी समशाद अली 71 साल व चकरभाठा कड़ार निवासी सोनू उर्फ चंद्रप्रकाश दुबे पिता स्व. विनोद कुमार दुबे 42 साल से हुई। दोनों ने अपनी जमीन बताकर कड़ार में 20 एकड़ जमीन दिखाया और बचने की बात कही। श्री सोनी को जमीन पसंद आ गई।





उन्होंने तहसील आफिस में दोनों को 45 लाख रुपए देकर जमीन का स्टाम्प पेपर में एग्रीमेंट करा लिया। श्री सोनी ने दोनों को जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए कहा तो घुमाने लगे। श्री सोनी राजस्व रिकार्ड में जमीन की पतासाजी कराई तो जानकारी मिली कि वह जमीन शासकीय है। उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने दोनों से पैसा वापस मांगे तो घुमाने लगे। 24 अक्टूबर 2026 को श्री सोनी ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। 26 अक्टूबर को एसआई पूरन सिंह बघेल ने फरार आरोपी समशाद अली व सोनू उर्फ चंद्रप्रकाश दुबे को गिरफ्तार कर लिया है।

बुजुर्ग से 11 लाख 29 हजार की ठगी, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। सीनियर सिटीजन पेंशन कार्ड बनाने के नाम पर बुजुर्ग से 11 लाख 29 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, उसलापुर अल्का एवेन्यू निवासी पवन चक्रवर्ती 70 साल 11 अक्टूबर 2026 को उनके फेसबुक एकाउंट में सिनियर सिटीजन पेंशन कार्ड आईसीआईसीआई बैंक का लोगों सहित विज्ञापन आया था। उन्होंने विज्ञापन के लिंक को क्लिक किया। कुछ समय बाद उनके मोबाइल में अज्ञात नम्बर से फोन आया, सीनियर सिटीजन पेंशन कार्ड बनाने के लिए उनका पेनकार्ड नम्बर व बैंक डिटेल के संबंध में एटीएम कार्ड के डिजिट नम्बर मांगा गया। भरोसे में आकर उन्होंने गोपनीय जानकारी दे दी। उसके बाद उनके बैंक खाते से 9 किश्तों में 11 लाख 29 हजार रुपए ट्रांसफर कर ठगी कर ली गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

केक-बिस्किट दुकान में लगी भीषण आग 4 लाख से अधिक का सामान जलकर राख



तनौद। केक -बिस्किट दुकान में लगी आग से दुकान संचालक को चार लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम तनौद की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार 26 अक्टूबर सुबह की है। शिवरीनारायण थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तनौद ज्ञानेन्द्र कुमार पिता गोरेलाल साहू उम्र 25 वर्ष केक बिस्कुट दुकान का संचालन करता है। सोमवार सुबह 10 बजे केक बिक्री दुकान में अचानक आग लग गई।बताया जा रहा है कि बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही देखते पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में रखे तीन नग फ्रिज, केक, बिस्किट, टीवी, फ्रीजर और अन्य कीमती सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया।पीड़ित दुकानदार के अनुसार इस आगजनी में 4 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लाखों का सामान जल चुका था। फिलहाल थाना शिवरीनारायण में इसकी सूचना दी गई है। पुलिस आगजनी के कारणों का पतासाजी में जुट गई है।

साइंस कॉलेज से शनिचरी रपटा तक हो रहा नई सड़क का निर्माण

60 फिट चौड़ी सड़क के लिए टूटेंगी आदिवासी हास्टल की बाउंड्रियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साइंस कॉलेज से शनिचरी रपटा तक लगभग 4.50 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़क का निर्माण किया जा रहा है। 60 फिट चौड़ी और डेढ किमी लंबी इस सड़क की जद में जितने भी कब्जे आ रहे हैं, इन्हें हटाया जाएगा। इसमें साइंस कालेज चौक के पास स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, पोस्ट मैट्रिक छात्रावास, अनुसूचित जाति छात्रावास और क्रीड़ा परिसर की जमीन भी कब्जे में आ रही है। निगम ने अब आदिवासी विकास विभाग के मामले में एनओसी मांगने के साथ ही तोड़फोड़ के लिए मार्किंग भी की है। इसमें तीनों हास्टलों की बाउंड्री को तोड़ना होगा। निगम के मुताबिक नापजोख के बाद पाया गया है कि आदिवासी विभाग की बाउंड्री शासकीय जमीन पर है जो कि विभाग को अलाट हुई कुल जमीन से अधिक है। निगम और प्रशासन का दावा है कि हास्टलों में रहने वाले बच्चों और उनके क्लासेस पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि मुख्य भवन इससे काफी दूर है। गौरतलब है कि वर्तमान में यह जर्जर स्थिति में पहुंच चुकी। इस सड़क के बनने से क्षेत्र के लोगों को गड्ढों से राहत मिलेगी और ट्रैफिक व्यवस्था अधिक सुगम होगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनीश सिंह, निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने सड़क का जायजा लिया। इसमें पाया गया कि साइंस कालेज मोड़ के पास जगह काफी कम है। टर्निंग पर ही आदिवासी हास्टल एक तरफ तो दूसरी तरफ टाइल्स की बड़ी दुकान है।

- नगर निगम ने की मार्किंग



हटाए गए दुकान व मकान

अपोलो अस्पताल के पास स्थित मानसी लॉज, चिंगराजपारा मार्ग से लेकर रपटा तक कई पुराने मकान और दुकानें सड़क निर्माण की सीमा में आ रही थी जिसे हटाया गया है और सड़क बनाई जा रही है। साइंस कालेज से रपटा वाली सड़क 60 फिट की बनाई जा रही है।

- भूपेन्द्र उपाध्याय, जोन कमिश्नर

सूने मकान में धावा बोलकर सोने-चांदी के जेवरात पार

बम्हनीडीह। क्षेत्र में चोरी की एक घटना सामने आई है, जहां दशहरा उत्सव मनाने परिवार सहित गांव गए बीडीसी के भाई के घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर रखे सोने-चांदी के आभूषण और नकदी समेत कुल 65 हजार रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना की शिकायत बम्हनीडीह थाने में दर्ज कराई गई है।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत पोड़ीशंकर के निवासी बाबूलाल केवट, जो फास्ट फूड की दुकान संचालित करते हैं। इस दौरान 22 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाने अपने परिवार के साथ ग्राम सोनाईडीह गए थे। रात करीब एक बजे जब वे वापस घर लौटे, तो मकान का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जांच करने पर अलमारी का ताला भी टूटा पाया गया। पीड़ित के मुताबिक, अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे सोने के आभूषण, चांदी की पायल और नकदी चोरी कर ली। चोरी गए सामान में सोने की फुल्ली लगभग 9 नग, एवं सोने का मंगलसूत्र लगभग 8 ग्राम और करीब 27 से 28 तोला वजन की तीन जोड़ी चांदी की पायल शामिल हैं। इसके अलावा 40 हजार रुपये नकद भी गायब मिले। 65 हजार की संपत्ति चोरी होने का उल्लेख -पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, चोरी गए सोने के आभूषणों की कीमत लगभग 10 हजार रुपये, चांदी की पायल की कीमत 15 हजार रुपये और नकदी 40 हजार रुपये बताई गई है। इस तरह चोरी गई संपत्ति का कुल मूल्य 65 हजार रुपये दर्ज किया गया है। पीड़ित ने 23 अक्टूबर को घर लौटने पर चोरी की जानकारी मिलने के बाद बम्हनीडीह थाने में आवेदन देकर मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

खबर संक्षेप

सांस्कृतिक एवं संगीत कार्यक्रम आज

हरदीबाजार। श्री सिद्धिविनायक नवदुर्गा उत्सव सेवा समिति बाज़ार मोहल्ला छिंदपुरके तत्वावधान में 27 अक्टूबर को एक मधुरानी म्यूजिकल आर्केस्ट्रा एवं लोकमंच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी एवं संगीतप्रेमी बंधुओं से सादर अनुरोध है कि सपरिवार, इष्ट-मित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस शानदार सांस्कृतिक संध्या की शोभा बढ़ाएं।

जिला क्रिकेट टीम में आर्यन का हुआ चयन



हरदीबाजार। आर्यन पब्लिक स्कूल हरदीबाजार के छात्र आर्यन दुबे पिता अजय कुमार दुबे का चयन जिला क्रिकेट एसोसिएशन की अंडर-14 क्रिकेट टीम में जिला स्तर पर हुआ है। आर्यन दुबे ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट खेल प्रतिभा से यह उपलब्धि हासिल की है। उनके इस चयन से विद्यालय के साथ-साथ पूरे हरदी बाजार क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर आर्यन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण ने आर्यन दुबे को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने कहा कि आर्यन की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

पीएमश्री दीपका में जागरूकता को लेकर विद्यार्थियों ने निकाली रैली



दीपका। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय दीपका में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सड़क सुरक्षा पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता से हुई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-कर कर हिस्सा लिया छात्रों ने जीवन बचाना है तो यातायात का नियमों का पालन करना है, अपना कीमती जीवन बचाएं वाहन धीमे चलाएं, अपनों को ना रुलाए नशे में वाहन ना चलाएं और शिर की सुरक्षा करें पूरी हेलमेट है जरूरी जैसे नारों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। प्राचार्य श्रीमती अल्पना बेंजामिन ने कहा कि सड़क सुरक्षा के महत्व पर आधारित सभी यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट पहने, सीट बेल्ट लगाए,तेज गति से वाहन ना चलाएं, मोबाइल का उपयोग करते समय वाहन ना चलाएं, नशे में वाहन न चलने की अपील किया गया। यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा केवल अभियान नहीं बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा है।

असाटी दिवस का हुआ आयोजन



मड़वारानी। बिलासपुर-चांपा-कोरबा-जांजगीर का असाटी दिवस-2026 का आयोजन समिति की कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा जय नारायण असाटी बिलासपुर के निवास पर आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधुओं हो की उपस्थिति रहे। शुरुआत में श्री राम दरबार की पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं श्री हनुमान चालीसा के पाठ से की गयी। तत्पश्चात छोटी-छोटी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण उपरांत सुरुचि भोज का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में एसएस नायक, अशोक असाटी, डॉ. जीएस असाटी, अजय असाटी, संदेश असाटी, श्रीमती नेहा असाटी, कोरबा से राम मिलन असाटी, सिद्धार्थ असाटी, कमल असाटी, बीएस असाटी उपस्थित रहे।

निधन

सतीश अग्रवाल



कोरबा। प्रेस क्लब के सदस्य एवं दैनिक तरूण छत्तीसगढ़ के संपादक सुभाष अग्रवाल के छोटे भाई होटल रिलैक्स इन के संचालक सतीश अग्रवाल का 26 अक्टूबर की देर शाम 7.30 बजे निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार 27 अक्टूबर को सुबह 11 बजे स्थानीय मोतीसागरपारा मुक्तिधाम में संपन्न होगा। इससे पूर्व अग्रोहा मार्ग स्थित उनके निवास से अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। उनके निधन पर कोरबा प्रेस क्लब परिवार ने शोक व्यक्त किया है।

पृष्ठ 1 का शेष

खराब चावल....

जवाब अब तक दोनों ही अधिकारियों ने खाद्य विभाग को नहीं दिया है। खाद्य अधिकारी श्री कंवर ने बताया कि नोटिस जारी की गई है, जवाब मिलने के बाद जवाबदारी तय की जाएगी। जिले में कहीं भी किसी भी पीडीएस दुकान से अगर एक बोरी भी खराब चावल पहुंचता है तो उसका वितरण नहीं किया जाएगा। इसके निर्देश पीडीएस दुकानदारों की बैठक लेकर खाद्य विभाग के द्वारा दी गई है।

डीएमएफ की राशि से दिया जाता है मानदेय, बजट होने के बाद भी होती है देरी

भृत्य और मानदेय शिक्षकों को दशहरा त्यौहार में भी नहीं मिला मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



डीएमएफ से शहर और ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में पदस्थ किए गए शिक्षक और भृत्यों को दशहरा जैसे त्यौहार में भी मानदेय के लिए मोहताज होना पड़ गया। जबकि डीएमएफ की राशि से बड़े बड़े अधोसंरचना के कार्य की कड़ी में भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। जिनकी पोल भी कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान खुल चुकी है लेकिन बच्चों को पढ़ाने वाले मानदेय शिक्षकों को अपने मानदेय के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है।

बीते तीन वर्ष से जिले के एकल शिक्षकीय और शिक्षकविहीन एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भर्ती डीएमएफ से एकमुश्त मानदेय के रुप में की गई थी। इनमें भृत्य भी शामिल थे जो प्राइमरी स्कूल से लेकर हाईस्कूल तक में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिक्षक और भृत्यों को मिलाकर कुल संख्या 3 सौ से अधिक होती है। बीते 3 वर्ष से मानदेय शिक्षक और भृत्य स्कूल को संभाले हुए हैं लेकिन जब मानदेय की बात आती है तो उन्हें इसके लिए डेढ़ माह के लंबे समय का इंतजार करना पड़ता है। दशहरा जैसे त्यौहार में इनकों इस बात की उम्मीद थी कि दशहरा के पहले पहले मानदेय मिल जाएगा लेकिन यह क्या दशहरा को 5 दिन बीत गए हैं और मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। यह स्थिति कोरबा ब्लॉक के साथ पाली और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में भी सामने आयी है। दुख इस बात का है कि गांव के स्कूल में पढ़ाने वाले इन शिक्षकों और भृत्यों के मानदेय की चिंता गांव के पंचायत प्रतिनिधियों को भी नहीं है।

अभी भी चल रही है भर्ती

ग्रामीण अंचलों के कुछ स्कूलों में शिक्षकों की अभी भी पद रिक्त हैं जिनमें गणित व अंग्रेजी विषय के विशेषज्ञ शिक्षकों की संख्या अधिक बताई जा रही है। इन रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। आगामी एक माह में इस भर्ती प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा ताकि रिक्त पदों वाले स्कूलों में मानदेय शिक्षक अपना काम काज संभाल सके।

महाराष्ट्र मंडल का कोजागिरी पूर्णिमा उत्सव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी बाजार स्थित गजानन साईं मंदिर में महाराष्ट्र मंडल, भगिनी मंडल और गणेश सेवा समाज के संयुक्त तत्वावधान में शरद पूर्णिमा निमित्त कोजागिरी उत्सव संपन्न हुआ। बालको, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, एनटीपीसी के लगभग शताधिक महाराष्ट्रीयन बंधु भगिनियों ने आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत चिंतन ओत्तलवार ने गणेश वंदना से की। सुगम संगीत के अंतर्गत सुनील पाठक , ज्ञानेश तिलवणकर , श्वेता ओत्तलवार और स्वाति रेगे ने सुमधुर हिन्दी और मराठी गीत गाया। महाराष्ट्र में बहुत पुरातन परंपरा के रूप में प्रचलित, भाद्रपद पूर्णिमा से प्रारंभ होकर अश्विन पूर्णिमा (कोजागिरी) तक बालिकाओं द्वारा गाए जाने वाले भुलाबाई के गीत का प्रदर्शन जया जोशी ने किया। प्रवीण जाखडी और प्राची जाखडी द्वारा विशेष प्रकार की सुगम संगीत अंताक्षरी के आयोजन ने उपस्थित बंधु भगिनियों को लगभग एक घंटे तक बांधे रखा । इसी प्रकार बच्चों ने विभिन्न मनोरंजन खेलों में उत्साह से भाग लिया। संरक्षक एवं वरिष्ठ सदस्य सुधीर रेगे एवं स्वाती रेगे ने सभी परिवारजनों के परिचय के दौरान बच्चों को उनकी विशिष्ट उपलब्धि के लिए एवं बड़ों को शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा, रोजगार , व्यवसाय , कला एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सम्मान पत्र भेंट किया। सभी परिवारों को कृष्णा डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी कोरबा तथा रॉयल एनफील्ड की कैलाश ऑटो एजेंसी कोरबा द्वारा आकर्षक पुरस्कार दिए गए। महिलाओं के गरबा नृत्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन हुआ।

तहसीलदार को कार्यमुक्त करने की मांग, आज से बहिष्कार करेंगे अधिवक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



ज्ञापन सौंपने पहुंचे अधिवक्ता।

तहसीलदार हरदीबाजार का स्थानांतरण होने के बाद भी उन्हें कार्यमुक्त नहीं किए जाने से नाराज अधिवक्ता संघ हरदीबाजार ने आंदोलन का ऐलान किया है। संघ के अधिवक्ता 27 से 30 अक्टूबर तक न्यायालयीन कार्यों का बहिष्कार करेंगे। इस दौरान प्रशासन की ओर से मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने पर 2 नवंबर से अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जाएगी।

खास बातें

- 2 नवंबर से अनिश्चितकालीन तालाबंदी की ऐलान
- स्थायी तहसीलदार और पर्याप्त स्टाफ की भी मांग

अधिवक्ता संघ ने स्पष्ट किया है कि आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से किया जाएगा। बहिष्कार के तहत तहसीलदार न्यायालय एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से संबंधित सभी राजस्व न्यायालयीन कार्यों में अधिवक्ता शामिल नहीं होंगे। संघ का कहना है कि तहसील कार्यालय में सुचारु कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने और आम नागरिकों को राजस्व संबंधी मामलों में होने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। शेखर भारद्वाज अध्यक्ष अधिवक्ता संघ हरदीबाजार ने बताया कि स्थानांतरण के बाद वर्तमान तहसीलदार को तत्काल कार्यमुक्त करने, तहसील कार्यालय में स्थायी रूप से अनुभवी एवं जानकार तहसीलदार की पदस्थापना करने तथा कार्यालय में कर्मचारियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित अवधि के दौरान प्रशासन की ओर से मांगों के समाधान के लिए ठोस पहल नहीं की गई, तो 2 नवंबर से अनिश्चितकालीन तालाबंदी की जाएगी। अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर आंदोलन की आगे की दिशा निर्भर करेगी।

श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस महारास लीला रुक्मिणी विवाह प्रसंग ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा





कथा सुनाते आचार्य एवं कथा का श्रवण करते नगरवासी।

मित्तल परिवार कटघोरा के द्वारा महामाया राईस मिल अग्रसेन नगर कटघोरा के प्रांगण में 21 से 27 अक्टूबर तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। कथा के छठवें दिवस वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन करते हुए महारास लीला एवं रुक्मिणी विवाह का अत्यंत भावपूर्ण एवं मनोहारी प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान पूरा कथा स्थल भक्ति एवं आध्यात्मिक भाव से सराबोर रहा।

कथा वाचक आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी ने महारास लीला का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला अपने भीतर आध्यात्मिक संदेश समेटे हुए है। महारास को केवल लौकिक दृष्टि से नहीं, बल्कि भक्ति, आत्मसमर्पण और परमात्मा के प्रति प्रेम के आध्यात्मिक स्वरूप के रूप में समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोपियों की भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य भक्ति यह संदेश देती है कि सच्ची भक्ति में भक्त अपना सर्वस्व भगवान को समर्पित कर देता है। आचार्य ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और गोपियों का प्रेम सांसारिक प्रेम नहीं, बल्कि जीवात्मा और परमात्मा के बीच के आध्यात्मिक संबंध का प्रतीक है। महारास लीला में भगवान ने भक्तों को यह संदेश दिया कि जो व्यक्ति निष्काम भाव से परमात्मा की शरण में जाता है, भगवान सदैव उसके साथ रहते हैं। महारास प्रसंग के दौरान कथा स्थल पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का रसपान करते रहे। इसके पश्चात आचार्य श्रीकान्त त्रिपाठी ने रुक्मिणी विवाह प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि रुक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को अपना पति मानकर उनके प्रति पूर्ण रूप से समर्पित थीं। जब उनके विवाह की तैयारी किसी अन्य से कराए जाने लगी, तब उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर अपनी मनोकामना से अवगत कराया। भक्तवत्सल भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी की पुकार सुनकर उन्हें स्वीकार करने पहुंचे और उनका हरण कर विवाह किया। रुक्मिणी विवाह प्रसंग का वर्णन करते हुए आचार्य जी ने कहा कि भक्त की सच्ची पुकार भगवान तक अवश्य पहुंचती है। रुक्मिणी जी की अटूट श्रद्धा और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति समर्पण प्रत्येक भक्त के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में भगवान के प्रति विश्वास, श्रद्धा और समर्पण बनाए रखना चाहिए। मित्तल परिवार कटघोरा के द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का 27 अक्टूबर को समापन होगा।

बोईदा स्कूल में पालक शिक्षक बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

बोईदा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोईदा में प्राचार्य पूनम दुबे के संरक्षण में पालक शिक्षक बैठक संपन्न हुआ जिसका प्रमुख उद्देश्य तिमाही परीक्षा परिणाम पर विशेष समीक्षा एवं उत्कृष्ट शैक्षिक गतिविधियां था प्राचार्य पूनम दुबे ने बताया कि घर में बच्चा अध्यापन से जुड़ा रहे एवं छुट्टियों में भी लगातार शैक्षिक गतिविधियों से जुड़े रहे। बैठक में पालक एवं बच्चों को उत्तर पुस्तिका दिखाया गया। इस बैठक में अभिभावक तुंगन पटेल, संतोष कुमार, रामचंद्र पटेल, ईश्वर प्रसाद, सत्यपाल सिंह, रामजी कश्यप, जनकु राम, रामाधार, माखन सिंह, जगदीश प्रसाद, धनसिंह, श्यामाचरण पटेल, विजय कुमार, रेखा बाई, उर्मिला बाई, प्राचार्य पूनम दुबे, लखन लाल बंजारे, वीरेंद्र कुर्रे, राजेन्द्र कुमार नायक, देवीदयाल सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, जितेंद्र कुमार नेटी, भारती सिंह तोमर, सुनील कुमार मिश्रा, निहारिका इमानुएल, परमेश्वर राव मराठा, सेत कुमार सांड भाग्यश्री पांडेय, गौरव कुमार सिंह, राजेन्द्र कुमार कौशिल, रजनीश पाटनवार, किरण जांगड़े, पुष्पेंद्र कंवर उपस्थित रहे।

संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ कार्य करें अधिकारी : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की हुई बैठक

कलेक्टर ने प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) की बैठक लेकर कोरबा जिले में संचालित एसईसीएल की कोरबा, कुसमुंडा, दीपका, गेवरा और मानिकपुर परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में भूमि अधिग्रहण, कोयला उत्खनन के लिए चिह्नित भूमि, मुआवजा वितरण, संपत्ति का मूल्यांकन, पुनर्वास और प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। भूमि से कब्जा हटाने से पहले और हटाने के बाद की स्थिति के स्पष्ट ड्रोन चित्र तैयार कर प्रस्तुत किए जाएं। प्रभावित भूमि और परिसंपत्तियों का सर्वे कर सूचीबद्ध जानकारी भी रखी जाए, ताकि अधिग्रहण और मुआवजा संबंधी कार्यवाही पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से हो सके।

जिले में शांति, सुरक्षा एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में त्योहारों, धान खरीदी सीजन, यातायात, औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं और कानून-व्यवस्था से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर दुदावत ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों की परिस्थितियों पर लगातार नजर रखने और लोक शांति प्रभावित होने की आशंका वाली समस्याओं को समय रहते चिह्नित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संवेदनशील मामलों और धार्मिक विषयों से जुड़े घटनाक्रमों पर विशेष सतर्कता बरतने तथा निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने असामाजिक एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान करने और संवेदनशील क्षेत्रों एवं बिंदुओं को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए। आगामी त्योहारों के मद्देनजर कलेक्टर ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। बाजारों में भीड़ और यातायात के दबाव को देखते हुए नगर निगम, नगर पालिका, पुलिस, परिवहन विभाग एवं व्यापारी संगठनों के साथ समन्वय बैठक कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।

जिला स्तरीय सहकारी समिति कर्मचारी संघ का बैठक संपन्न



भैसमा। जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ के समस्त कर्मचारियों का एकदिवसीय जिला स्तरीय बैठक समिति कार्यालय प्रांगण रविवार को संपन्न हुआ। इस बैठक में सभी 60 समिति के प्रबंधक ऑपरेटर और समिति कर्मचारी सम्मिलित हुए ।बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी धान खरीदी में समिति कर्मचारियों को होने वाली समस्याओं के संबंध में शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराना था इस बैठक में कुल 10 बिंदुओं पर चर्चा किया गया जिसे आने वाले दिन में जिला प्रशासन के माध्यम से शासन तक बात को पहुंचाया जाएगा बैठक में सभी कर्मचारियों ने अपने स्तर पर धान खरीदी में होने वाले परेशानी एवं अनावश्यक दबाव के बारे में खुलकर बात की। बैठक में प्रमुख रूप से संघ के अध्यक्ष विनोद भट्ट, संरक्षक चंद्रेश कश्यप, वेद प्रकाश वैष्णव, ऋषि पांडेय, सचिव तुलेश्वर कौशिक, संघ के पदाधिकारी कमल दुबे, राजकुमार साहू, चंद्रशेखर केवत, आनंद कौशिक, दुलीचंद धीवर, प्यारेलाल साहू, नरेंद्र कश्यप अरुण कश्यप, राधेश्याम कश्यप, अशोक दुबे ऑपरेटर संघ से श्रीमती राजकुमारी साहू ,तोमल साहू एवं सभी समिति के कर्मचारी उपस्थित रहे।

बिजनेस प्लस

870 ग्राम के जुड़वां शिशुओं ने जीती जिंदगी की जंग, एक माह के उपचार के बाद मिली छुट्टी



कोरबा। समय से पहले जन्म और बेहद कम वजन के कारण गंभीर स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने वाले जुड़वां बच्चों ने आखिरकार जिंदगी की जंग जीत ली। एनकेएच सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल कोरबा की नवजात गहन चिकित्सा इकाई में लगभग एक महीने तक चले उपचार और विशेष देखभाल के बाद 12 अक्टूबर को दोनों बच्चों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। दोनों बच्चों का जन्म गर्भावस्था के 31वें सप्ताह में हुआ था। जन्म के समय एक शिशु का वजन महज 870 ग्राम, जबकि दूसरे का वजन 1 किलो 60 ग्राम था। समयपूर्व जन्म के कारण दोनों को सांस लेने में परेशानी, सेप्सिस (गंभीर संक्रमण) और एनीमिया जैसी जटिलताओं का सामना करना पड़ा। इनमें से एक शिशु में ब्लड शुगर की कमी और समयपूर्व जन्म से जुड़ी आंखों की बीमारी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी की समस्या भी सामने आई। बाल एवं नवजात रोग विशेषज्ञ डॉ. अजीत ठोकल के मार्गदर्शन में एनआईसीयू में दोनों बच्चों की सांस, ऑक्सीजन स्तर, हृदय गति, ब्लड शुगर, शरीर के तापमान और पोषण की लगातार निगरानी की गई। आवश्यकता के अनुसार श्वसन सहायता, दवाइयां और विशेष पोषण उपलब्ध कराया गया। निरंतर उपचार से 870 ग्राम वजन वाले शिशु का वजन बढ़कर 1 किलो 450 ग्राम हो गया। दोनों की स्थिति में सुधार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। यह मामला समयपूर्व जन्म लेने वाले बच्चों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सा और सुसज्जित एनआईसीयू की अहमियत को रेखांकित करता है। चिकित्सकीय विशेषज्ञों के अनुसार, जुड़वां गर्भावस्था या समयपूर्व प्रसव की आशंका होने पर पहले से ऐसी स्वास्थ्य सुविधा की योजना बनानी चाहिए, जहां नवजात विशेषज्ञ, प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और आवश्यक श्वसन सहायता उपलब्ध हो।

सांसद ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोरबा और कटघोरा वन मंडल क्षेत्र अंतर्गत कटघोरा और पसान वन रेंज में हाथियों के बढ़ते आतंक और लगातार हो रहे जान-माल के नुकसान से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। हाथियों के दल द्वारा न केवल किसानों की लहलहाती फसलों को बर्बाद किया जा रहा है, बल्कि लगातार हो रही जनहानि से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस गंभीर समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों का हाल जानने और उनकी सुध लेने के लिए सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। सांसद श्रीमती महंत ने हाथी प्रभावित ग्राम पंचायतों का प्रत्यक्ष दौरा कर पीड़ित परिवारों और स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए बताया कि हाथियों के हमलों के कारण उनका जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। फसलों के चौपट होने से किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है, वहीं हर पल मंडरा रहे जान के खतरे के कारण लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। दौरे के दौरान सांसद ने मौके पर मौजूद वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की क्लास ली और उन्हें फटकार लगाते हुए हाथी-मानव द्वंद को रोकने के लिए ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीणों की तात्कालिक सुरक्षा की मांग को ध्यान में रखते हुए, सांसद महंत ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित गांवों में तुरंत टॉर्च और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, ताकि रात के समय हाथियों की आवाजाही पर नजर रखी जा सके और समय रहते बचाव किया जा सके। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि इस विकट परिस्थिति में वे पूरी तरह से क्षेत्र की जनता के साथ खड़ी हैं और शासन-प्रशासन के स्तर पर मुआवजा प्रक्रिया को सरल व तेज बनाने के साथ-साथ स्थाई समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।



खबर संक्षेप



नशामुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

कोरबा। नशामुक्त भारत के निर्माण और समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सोमवार को पोड़ी उपरोड़ा के रामपुर स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। इस दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में नशामुक्ति का संदेश लिखी तख्तियां लेकर लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के विद्यार्थी कतारबद्ध होकर अनुशासित ढंग से रैली में आगे बढ़े। हाथों में तख्तियां लेकर निकले विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों का ध्यान आकर्षित किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। रैली का उद्देश्य लोगों को नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा। रैली में विद्यालय के प्राचार्य मनोज सिंह के साथ शिक्षक अभय कुमार श्रीवास्तव, दीपक कुमार सिंह, बबलू कुमार जांगिड़, शक्ति राहुल तंवर, विनोद कुमार और अंकिता सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति ने मनाया 23वीं स्थापना दिवस



कोरबा। श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति के तत्वाधान में रविवार को शरद पूर्णिमा एवं 23वीं स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें समाज के मार्गदर्शक मंडल संरक्षक मंडल पदाधिकारी पूर्व पदाधिकारी महिला मंडल सेलून पार्लर व्यावसायिक संघ के समस्त पदाधिकारी एवं समस्त समाज के सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में रंगनाथ श्रीवास जगदीश श्रीवास एवं मोहनलाल श्रीवास जी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अमिता श्रीवास अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहिनी की उपस्थिति रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में समाज के बच्चों को सतत आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा एवं कठिनाइयों का सामना निडर होकर कार्य करने की सलाह दी कार्यक्रम की शुरुआत इष्ट देव बजरंगबली की पूजा अर्चना की शुरुआत से प्रारंभ हुआ महिलाओं एवं बच्चों के लिए गरबा डांडिया का आयोजन किया गया था। वहीं समाज के प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु बोर्ड क्लास के उत्कृष्ट बच्चों खेल एवं नृत्य कला के क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शत्रुघ्न लाल श्रीवास ने किया एवं सभा का संचालन एवं आभार महासचिव लीलाधर श्रीवास के द्वारा किया गया।

नेशनल लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ली गई बैठक

कोरबा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा श्रीमती नीता यादव की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय कटघोरा और करतला के न्यायाधीशगण की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। आगामी विशेष लोक अदालत 21 नवंबर व नेशनल लोक अदालत 12 दिसंबर में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हांकित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है तथा प्रकरणों में पक्षकारों को सूचित कर प्री-सिटिंग के माध्यम से प्रकरणों का समझौते के आधार पर निराकरण किये जाने पर जोर दिया गया है तथा विधिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से भी विशेष लोक अदालत व नेशनल लोक अदालत का प्रचार प्रसार किये जाने हेतु निर्देश दिया गया है तथा न्यायाधीशगण को विशेष लोक अदालत एवं नेशनल लोक अदालत की तैयारी हेतु न्यायालयीन प्रक्रियाओं में त्वरित गति से कार्यवाही सम्पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

स्टेट बैडमिंटन टूर्नामेंट में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे अन्वेषा, देवांशी, निमित और अमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

30 अक्टूबर से 4 नवंबर के मध्य रायगढ़ में योनेक्स सनराइज 25वीं राज्य स्तरीय अंडर 15 एवं अंडर 17 बालक-बालिका वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित होगी। राज्य की स्पर्धा में कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए सीधे मेन ड्रॉ की जगह पक्की करने बीते रविवार जिले की चयन प्रतियोगिता रखी गई थी।

कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित सिलेक्शन ट्रायल में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अंडर 15 बालिका वर्ग में अन्वेषा निर्मलकर, अंडर 17 बालिका वर्ग में देवांशी बरेठ विजेता रहीं। इसी तरह अंडर 15 बालक वर्ग में निमित चौरसिया और अंडर 17 बालक वर्ग में अमन स्वर्णकार विजेता रहे। अगले चरण की प्रतिस्पर्धा में प्रवेश करते हुए सिलेक्शन ट्रायल के सभी विजेता खिलाड़ी अब रायगढ़ में निर्धारित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीधे मेन ड्रॉ में खेलने के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जहां वे कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के दिशा-निर्देश अनुसार केडीबीए द्वारा यह चयन स्पर्धा एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के खेल परिसर में किया गया। इसमें जिले के लगभग 35 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अंडर 15 बालिका वर्ग में सोनाली फेलिक्स उपविजेता और अन्वेषा निर्मलकर विजेता रहीं। अंडर 17 बालिका वर्ग में श्रेष्ठा साहू उपविजेता और देवांशी बरेठ विजेता रहीं। अंडर 15 बालक वर्ग में वैभव चंद्रा उपविजेता और निमित चैरसिया विजेता रहे। अंडर 17 बालक वर्ग में वैभव चन्द्रा उपविजेता और अमन स्वर्णकार विजेता रहे। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी रायगढ़ में सीधे मेन ड्रॉ में खेलने के लिए पात्र होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अध्यक्ष डॉ संजय अग्रवाल, कोरबा जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मनीष गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, सदस्य श्याम किशोर अग्रवाल, अमरजीत सिंह, गौतम साहू और कल्पना फेलिक्स एवं अन्य सदस्यों तथा सुचारु रूप से मैच कराने में अमरजीत, करन और शादाब ने योगदान दिया। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में अभिभावक गण की उपस्थिति रही।

जिला बैडमिंटन संघ ने आयोजित की चयन स्पर्धा

खास बात

- 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक रायगढ़ में आयोजित होगी 25वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता



4 नवंबर को कुसमुंडा खदान बंद के साथ कोल परिवहन रोकने की दी चेतावनी

आऊट सोर्सिंग कंपनियों में रोजगार की मांग को लेकर किसान सभा ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा ने एसईसीएल की कुसमुंडा खदान क्षेत्र में आउट सोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से होने वाले कामों में प्रभावित भूविस्थापितों और स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर कुसमुंडा से बाइक रैली कलेक्टर कार्यालय तक निकालने के बाद कोसाबाड़ी चौक में प्रदर्शन कर कलेक्टर और एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा है।

किसान सभा ने ज्ञापन के माध्यम से मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर 4 नवंबर को कुसमुंडा खदान बंद करने के साथ कोल परिवहन को पूर्ण रूप से रोकने की चेतावनी भी दी है। इस आंदोलन को भू विस्थापित रोजगार एकता संघ ने भी अपना समर्थन दिया है। किसान सभा ने कहा कि एसईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बाद हर गांव के भू विस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं जमीन अधिग्रहण के समय कई नियमों को बनाकर विस्थापित होने वाले छोटे किसानों को रोजगार से वंचित कर दिया जाता है और आऊट सोर्सिंग के माध्यम से भी होने वाले काम में आऊट सोर्सिंग कंपनियों द्वारा मनमानी की जा रही है जिससे भू विस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं।आऊट सोर्सिंग कंपनियों के मनमानी के खिलाफ छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ ने विरोध करने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत झा ने कहा की एसईसीएल में जमीन अधिग्रहण के बाद हजारों भू विस्थापित रोजगार के लिए भटक रहे हैं और प्रबंधन आऊट सोर्सिंग कंपनियों के साथ सांठ गांठ कर रोजगार को बेचने का काम कर रही है जिसका विरोध हमारे द्वारा किया जा रहा है कुसमुंडा और गेवरा में होने वाले कार्यों में प्रभावितों को प्राथमिकता नहीं दिया जा रहा है जिसका विरोध की शुरवात आज कुसमुंडा में किया गया है और मांगो पर सकारात्मक पहल नहीं हुआ तो 4 नवंबर को कुसमुंडा खदान बंद के साथ कोल परिवहन को पूर्ण रूप से रोका जाएगा और कुसमुंडा क्षेत्र से कोयला परिवहन की गाड़ियों को रोका जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जय कौशिक, दामोदर श्याम, रेशम यादव, उत्तम दास, सम्मेलाल, गणेश बिंझवार, दिलीप कंवर, विकास बिंझवार, आनंद पाल, महेंद्रा, संजय, जीवन सारथी, हरि साहू, हुसैन, राजेश्वर दास, नटवर लाल, मनोज महंत, मनीष, हरिहर साहू, श्याम सुंदर महंत, गुड्डू राठौर, रामकुमार, जयचंद, हेमंत पटेल, शशि यादव, गुरु शरण, मनोज उपस्थित रहे।



प्रदर्शन करते हुए किसान सभा के सदस्य।

समझाईश पर शांत हुए आंदोलनरत भूविस्थापित

एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नरईबोध मनगांव रलिया और उमेंदीमाठा के भू-विस्थापित एवं प्रभावित ग्रामीणों और महिलाओं में प्रबंधन के रवैये को लेकर भारी आक्रोश है ग्रामीणों ने एसईसीएल. प्रबंधन पर वादाखिलाफी और झूठे आश्वासन देने का आरोप लगाते हुए सोमवार से गेवरा कार्यालय परिसर एवं खदान क्षेत्र में अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। इस कड़ी में बड़ी संख्या में घरों से बाहर निकल रहे थे कि उनके द्वारा प्रदर्शन किया जाना है लेकिन इस बीच पुलिस व प्रशासन के अधिकारी ग्रामीणों के पास पहुंचे और उन्हें समझाइश दी गई कि उनकी मांगों पर एसईसीएल प्रबंधन से बात करेंगे और आश्वासन के बाद भूविस्थापितों ने आंदोलन को स्थगित कर दिया है। ग्रामीणों के अनुसार भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास से संबंधित उनकी कई जायज मांगें लंबे समय से लंबित हैं इसी संदर्भ में एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा 11 अक्टूबर को ग्रामीणों को सभा कक्ष में चर्चा हेतु आमंत्रित किया गया था बैठक में प्रबंधन ने मुख्य रूप से दो प्रमुख बातों पर आश्वासन दिया था।

ये हैं मांगे

- जिनका भी जमीन अधिग्रहण हुई है उन्हें रोजगार उपलब्ध करायें।
- खनन प्रभावित क्षेत्र एवं जिले के ही बेरोजगारों को आऊट सोर्शिंग कंपनियों में रोजगार उपलब्ध कराया जाए।
- काम समाप्त होने या चालू होने वाले कंपनियों में पुराने कर्मचारियों को कार्य में पुनः रखा जाए।
- आउट सोर्सिंग कंपनियों में 70 और 30 प्रतिशत रोजगार देने का खेल समाप्त किया जाए।

तीन दिन बाद आरक्षक की हसदेव नदी में मिली लाश



नदी में तैरता मिला आरक्षक का शव। इनसेट में आरक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिला सूरजपुर के तारा चौकी में पदस्थ एक 33 वर्षीय आरक्षक 23 अक्टूबर को हसदेव नदी में छलांग लगा दी थी। जिसके बाद से पुलिस और एसडीआरएफ की टीम लगातार हसदेव नदी में खोजबीन कर रही थी। तीन दिनों के बाद सोमवार की अलुसबह आरक्षक का शव अपने आप बाहर आ गया। जिसके बाद पुलिस ने शव को बाहर निकालकर बाहर निकालकर वैधानिक कार्यवही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। आरक्षक ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया गया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

उल्लेखनीय है कि सूरजपुर जिले के तारा चौकी में पदस्थ आरक्षक सुनील कुमार बैगा 33 वर्ष पिता जयश्री बैगा की करीब 6 महीने पहले ही शादी हुई थी। 23 अक्टूबर की दोपहर को आरक्षक सुनील बैगा अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 14 एम 1898 में सवार होकर मोरगा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हसदेव नदी के नए पुल पर पहुंचा और अपनी मोटरसाइकिल को पुल पर ही खड़ी की और अपने कुछ सामान मोटरसाइकिल पर रखकर सीधे नदी में छलांग लगा दी। घटना के बाद से एसडीआरएफ की टीम लगातार खोजबीन कर रही थी। इस बीच सोमवार की अलसुबह आरक्षक सुनील कुमार बैगा का शव पुलिस के समीप बाहर आ गया और स्थानीय लोगों की सूचना पर मोरगा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को नदी से बाहर निकाला गया। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

खास बात

- पड़ोसी जिले में पदस्थ आरक्षक ने 23 अक्टूबर को हसदेव पुल से लगाई छलांग

पटवारी संघ कल निकालेगा रैली



धरने में बैठे पटवारी संघ के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पटवारी संघ पिछले एक सप्ताह से अपनी न्यायसंगत मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चल रहे हैं। घंटाघर में धरने में बैठे पटवारी संघ ने बुधवार को दोपहर एक बजे के बाद जिला मुख्यालय में शांतिपूर्ण रैली निकालने का निर्णय लिया है। रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

पीवी एप से फसल का डिजिटल सर्वे कराये जाने का विरोध करते हुए जिला पटवारी संघ 13 अक्टूबर से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चला गया है। बीते 12 दिन से घंटाघर ओपन थिटेयर में धरने पर बैठे पटवारी संघ के द्वारा बुधवार 28 अक्टूबर को रैली निकालने का निर्णय लिया गया है। रैली में संघ के सभी सदस्यों के साथ जिले के सभी तहसील इकाईयों के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहेंगे। हड़ताल से तहसील इकाईयों में पिछले 10 दिन से राजस्व काम ठप पड़े हैं। आम प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो रही है। आय, निवास व जाति जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज के लिए पक्षकारों को चक्कर काटना पड़ रहा है। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष मिथिलेश वर्मा ने बताया कि दोपहरल 1 बजे घंटाघर ओपन थियेटर से रैली निकालकर सुभाष चौक कोसाबाड़ी होते हुए जिला कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

खास बात

- एक सप्ताह से घंटाघर में दे रहे हैं मांगों को लेकर धरना

डहरिया किए गए निलम्बित

कोरबा। शासकीय सेवक होने के बावजूद राजनीतिक कार्यों में संलिप्तता शिक्षक को महंगी पड़ गई। कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग, बिलासपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रवीण कुमार डहरिया शिक्षक एल.बी. शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कथरीमाल विखं करतला को निलंबित कर दिया गया है। उनके विरूद्ध नगर पंचायत बलौदा जिला जांजगीर-चाम्पा के प्रशासकीय एवं शासकीय कार्यों में अनाधिकृत रूप से हस्तक्षेप करने, राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्तता की शिकायत की जांच करायी गई। प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के अनुसार शिकायतकर्ता द्वारा संलग्न किए गए फोटोग्राफ्स के परीक्षण से प्रवीण कुमार डहरिया की राजनीतिक दल के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में सक्रिय संलिप्तता स्पष्ट रूप से प्रमाणित होना पाया गया है। प्रवीण कुमार डहरिया का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 नियम 3 एवं 5 के विपरीत होने कारण एवं जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा के प्रस्ताव के आधार पर छ.ग. सिविल सेवा नियम (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय करतला नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आर्य समाज मंदिर में शिविर का शुभारंभ

कोरबा। आर्य समाज मंदिर बालकोनगर में आज से 9 दिवसीय आर्यवीर विरांगना/शिविर का शुभारंभ किया गया। जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस में व्यायाम प्रशिक्षक अजय आर्य की देखरेख में आर्य समाज के अध्यक्ष गोपीराम साहू के हाथों से ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात बौद्धिक कार्यक्रम एवं जूडो कराटे का अभ्यास कराया गया। इस कार्यक्रम में सचिव नरेन्द्र आर्य, उपाध्यक्ष श्रीमति गीता आर्य, मंत्राणी श्रीमति आरती मंगल, सदस्य नागेश गौरहा तथा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संध्या सिंह एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



स्वामी आत्मानंद स्कूल दीपका में 4 पदों पर होगी भर्ती

दीपका। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दीपका में रिक्त पदों पर मानदेय आधार पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, जिला खनिज न्यास संस्थान मद से निर्धारित नियम एवं शर्तों के तहत व्याख्याता एवं भृत की नियुक्ति की जाएगी। विद्यालय में कुल 4 पदों पर भर्ती की जानी है। जिनमें हिंदी व्याख्याता 1, अंग्रेजी व्याख्याता 1, भौतिक शास्त्र व्याख्याता 1 एवं भृत्य 1 पद के लिए आवेदन 28 अक्टूबर तक मंगाया गया है। विद्यालय द्वारा जारी सूचना के मुताबिक, इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में अपने स्वप्रमाणित दस्तावेजों के साथ आवेदन विद्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

निचले इलाकों की निगरानी, राहत शिविरों की तैयारी, स्वास्थ्य सेवाओं और बिजली बहाली के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश

अर्नब के प्रभाव से वर्षा की संभावना को देखते सभी विभाग रहें अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बंगाल की खाड़ी के पूर्व-मध्य और दक्षिण-पूर्व क्षेत्र में बने दबाव के चक्रवाती तूफान 'अर्नब' में परिवर्तित होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 28 और 29 अक्टूबर को जिले में वर्षा तथा आंधी-तूफान की आशंका को देखते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अपर कलेक्टर, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रभारी अधिकारी, सभी एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी, भू-अभिलेख शाखा, नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, स्वास्थ्य और बिजली विभाग सहित संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।



बैठक में उपस्थित प्रशासनिक अधिकारी।

कलेक्टर ने कहा कि मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए सभी विभाग समन्वय से काम करें। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता पहुंचाने के लिए अधिकारी और उनकी टीमें फोन चालू रखें तथा क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों को तैयार रखें। उन्होंने लोगों से भी मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने, जोखिम वाले स्थानों से दूर रहने और प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों पर अमल करने की अपील की। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों और तहसीलदारों को कोटवारों के माध्यम से गांवों में मुनादी कराकर लोगों को वर्षा, तेज हवा और संभावित जलभराव के प्रति सतर्क करने के निर्देश दिए। निचले और जोखिमयुक्त क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा जलस्तर बढ़ने की आशंका होने पर वहां के लोगों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की तैयारी करने को कहा गया। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि किसी भी व्यक्ति को बाढ़ या जलभराव की स्थिति में अपने स्थान पर फंसने न दिया जाए। तेज हवा के दौरान पेड़ गिरने, बिजली गिरने और अन्य दुर्घटनाओं से बचाव के लिए भी लोगों को सावधानी बरतने की जानकारी दी जाएगी। नागरिक पेड़ों, बिजली के खंभों और कमजोर संरचनाओं के पास खड़े न हों तथा आंधी-तूफान के दौरान अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें।

पुल-पुलियों पर पानी होने पर आवागमन रोका जाएगा

कलेक्टर ने नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने और पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने की स्थिति में तत्काल आवागमन रोकने के निर्देश दिए। सूचना मिलते ही कोटवारों तथा स्थानीय अमले के माध्यम से अस्थायी बैरिकेडिंग कराई जाएगी। किसी भी व्यक्ति को मोटरसाइकिल, कार या अन्य वाहन से बहते पानी के बीच से गुजरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नागरिकों से अपील की गई है कि पुल-पुलियों पर पानी होने पर रास्ता पार करने का जोखिम न लें और प्रशासन की ओर से लगाए गए अवरोधों का पालन करें।

